दिन–गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06／11／2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान सम्पन्न। शाम पांच बजे तक साठ दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग।

02 सबसे अधिक बेगूसराय जिले में सड़सठ दशमलव तीन दो प्रतिशत जबकि सबसे कम शेखपुरा जिले में बावन दशमलव तीन छह प्रतिशत मतदान हुआ।

03. दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर और फारबिसगंज में चुनावी सभाओं को किया संबोधित।

04. और, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में की चुनावी सभाएं।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। शाम पांच बजे तक साठ दशमलव एक आठ प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। सबसे अधिक बेगूसराय जिले में सड़सठ दशमलव तीन दो प्रतिशत जबकि सबसे कम शेखपुरा जिले में बावन दशमलव तीन छह प्रतिशत मतदान हुआ। पटना में पचपन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दूसरे चरण के तहत बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में ग्यारह नवम्बर को मतदान होगा। मतों की गिनती चौदह नवम्बर को होगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के बख्तियारपुर में मतदान किया। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपने परिजनों के साथ वेटनरी कॉलेज स्थित बूथ पर मतदान किया। इसके अलावा सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सासंद रामकृपाल यादव, मंत्री नितिन नवीन ने पटना स्थित मतदान केन्द्रों पर वोट डाले। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, रामनाथ ठाकुर और नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने अपने–अपने मतदान केन्द्रों पर वोट डाला।

हाजीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे।

———बाईट———

————————————————————————————————

पहले चरण के मतदान के बाद एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। सबसे अधिक बीस प्रत्याशी कुढ़नी और मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भोरे, अलौली और परबत्ता विधानसभा क्षेत्रों से सबसे कम पांच–पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

विधान सभा चुनाव के पहले चरण में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत नीतीश कुमार सरकार के सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। इनमें से ग्यारह मंत्री भाजपा कोटे से हैं। वहीं, राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव, जन शक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी प्रमुख आई.पी. गुप्ता और द प्लूरलस पार्टी प्रमुख पुष्पम प्रिया चौधरी का चुनावी भाग्य भी ईवीएम में बंद हो गया है। इसके अलावा मतदाताओं ने लोक गायिका मैथिली ठाकुर और भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता तथा गायक शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव के राजनीतिक भाग्य का भी फैसला कर दिया है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अभिषेक दास

————————————————————————————————

पहले चरण की सभी सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन उम्मीदवारों के बीच है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

इस चरण के चुनाव में एनडीए की ओर से सबसे अधिक संतावन सीटों पर जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। वहीं, भाजपा अड़तालीस और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास चौदह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल के सबसे अधिक तिहत्तर प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं जबकि कांग्रेस के चौबीस और सीपीआई माले के चौदह प्रत्याशी पहले चरण में चुनावी मुकाबले में हैं। मुकेश सहनी के नेतृत्व वाले विकासशील इंसान पार्टी ने पांच और आईपी गुप्ता की इंडियन इंक्लूसिव पार्टी तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनावी मुकाबले में हैं। सीपीआई और सीपीएम तीन–तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, जन सुराज पार्टी ने एक सौ उन्नीस प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। एआइएमआइएम के उम्मीदवार ग्यारह सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा पशुपति कुमार पारस के राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ने अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं।

समाचार कक्ष से अंशु अवस्थी।

————————————————————————————————

पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा ने बत्तीस सीटें जीती थी जबकि जदयू को तेईस और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को एक सीट पर जीत मिली थी। राजद ने बयालीस, कांग्रेस ने आठ, वाम दलों ने ग्यारह और विकासशील इंसान पार्टी ने चार सीटें जीती थीं।

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लखीसराय से भाजपा प्रत्याशी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के काफिले पर कथित तौर पर असामाजिक तत्वों के हमले का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। इधर, श्री सिन्हा ने इस हमले के लिए राजद को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है।

———बाईट———

इस बीच, जिला प्रशासन ने पथराव की घटना से इंकार करते हुये कहा कि उनकी गाड़ी पर सिर्फ गोबर पाया गया। इधर, सारण के मांझी सीट से सीपीएम प्रत्याशी सत्येन्द्र यादव के भी काफिले पर हमले की खबर है।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के अवलोकन के लिए अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के तहत कई देशों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा किया। फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, इंडोनेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और कोलंबिया से आये प्रतिनिधियों ने पटना, वैशाली सारण, मुजफ्फरपुर, नालंदा समेत कई जिलों में भ्रमण किया और चुनाव और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कार्य जोरों पर है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अररिया जिले के फारबिसगंज और भागलपुर में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस ने अपने शासनकाल में एक पीढी के भविष्य को पूरी तरह बर्बाद कर दिया।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मधुबनी, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री शाह ने विश्वास जताया कि एक बार फिर राज्य में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केसरिया, चिरैया और बथनाहा विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा की। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकसित राज्य बनने की राह पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बगहा, बेतिया और परिहार विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सुपौल विधानसभा क्षेत्र में और हेमंत विस्व सरमा ने बरारी में और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रोहतास में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झाझा और करपी समेत कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं की। श्री कुमार ने अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये लोगों से एनडीए उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की।

———बाईट———

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पूर्णिया और अररिया में जनसभाओं को संबोधित करते हुये राज्य और केन्द्र की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्री गांधी ने कहा कि नीतीश कुमार सरकार की चाभी अब नरेन्द्र मोदी के हाथों में चली गयी है।

———बाईट———

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने गोविंदगंज, रीगा और बेनीपट्टी विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये सत्ता परिवर्तन के लिए मतदान की अपील की। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार किया। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन ने जो भी घोषणाएं की है उसे पूरा किया जायेगा।

———बाईट———

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने भभुआ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। वाम दल, और जन सुराज समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान सम्पन्न। शाम पांच बजे तक साठ दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग।

02 सबसे अधिक बेगूसराय जिले में सड़सठ दशमलव तीन दो प्रतिशत जबकि सबसे कम शेखपुरा जिले में बावन दशमलव तीन छह प्रतिशत मतदान हुआ।

03. दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर और फारबिसगंज में चुनावी सभाओं को किया संबोधित।

04. और, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में की चुनावी सभाएं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।